हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, रविवार 11 मई 2025

समर स्पेशल बचत पे EXTRA बचत ऑफर

2% EXTRA बचत ₹2499 की खरीदारी पर
4% EXTRA बचत ₹4999 की खरीदारी पर
6% EXTRA बचत ₹9999 की खरीदारी पर

केवल 2 दिन शेष
10 और 11 मई 2025

शक्कर 1kg	शुभम मूल्य ₹44		
तुअर दाल राजभोग 1kg	शुभम मूल्य ₹105		
शुभम HMT पोस्टमैन राइस 1kg	शुभम मूल्य ₹50		
शुभ शुद्ध चक्की आटा 5kg	MRP ₹260	शुभम मूल्य ₹175	
होम ट्रीट्स सुपर सिक्सर/ काजू बिस्कुट/जीरा बिस्किट 200g	BUY 1 GET 1 FREE	MRP ₹60	
शुभ बॉम्बे मिक्सचर/ शुभ संगम मिक्सचर 800gm	BUY 1 GET 1 FREE	MRP ₹250	
मिरिंडा ऑरेंज/ पेप्सी/ 7अप फ्रूटी कोल्ड्रिंक 2.25 Ltr./ 2Ltr.	BUY 2 GET 1 FREE	MRP ₹100/130	
कमल राइस ब्रान ऑयल 1ltr	शुभम मूल्य ₹125		
फॉर्च्यून सनफ्लावर ऑयल 870gm	शुभम मूल्य ₹150		
फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल 870gm	शुभम मूल्य ₹141		
हल्दीराम भुजिया सेव 1kg	MRP ₹290	शुभम मूल्य ₹224	
किसान मिक्स्ड फ्रूट जैम 500gm	MRP ₹200	शुभम मूल्य ₹182	
हॉर्लिक्स चॉकलेट डिलाइट फ्लेवर 750gm	MRP ₹370	शुभम मूल्य ₹258	
ब्रुक बॉन्ड रेड लेबल 1kg	MRP ₹560	शुभम मूल्य ₹362	
ज़ोर कड़क चाय 1kg	MRP ₹300	शुभम मूल्य ₹179	
कुकी बाइट कोकोनट बिस्कुट 1Kg	MRP ₹210	शुभम मूल्य ₹99	
पार्ले जी ग्लूको बिस्किट 800gm	MRP ₹100	शुभम मूल्य ₹77	
वीटा क्रंच चॉकोफ्लेक्स 1.1Kg	MRP ₹499	शुभम मूल्य ₹199	
वीटा क्रंच कॉर्नफ्लेक्स बादाम & शहद 1Kg	MRP ₹539	शुभम मूल्य ₹229	
वीटा क्रंच ओट्स 900gm	MRP ₹230	शुभम मूल्य ₹99	
वीटा क्रंच कॉर्नफ्लेक्स 875 Gm	MRP ₹299	शुभम मूल्य ₹129	
मैगी 2 मिनट नूडल्स मसाला 8 पैक 560Gm	MRP ₹120	शुभम मूल्य ₹99	
पार्ले इलाइची प्रीमियम रस्क 1Kg	MRP ₹240	शुभम मूल्य ₹160	
स्क्वीक्ड टॉयलेट क्लीनर 1000ml	MRP ₹130	शुभम मूल्य ₹59	
वी मैजिक डिटर्जेंट पाउडर 1kg	MRP ₹90	शुभम मूल्य ₹55	
घड़ी डिटर्जेंट पाउडर 3kg	MRP ₹210	शुभम मूल्य ₹180	
डव क्रीम ब्यूटी बाथिंग सोप (125Gmx5)	MRP ₹499	शुभम मूल्य ₹290	
पीयर्स प्योर एंड जेंटल ब्यूटी बाथिंग बार (125Gmx5)	MRP ₹389	शुभम मूल्य ₹249	
कोलगेट मैक्सफ्रेश रेड जेल 150*2 300 Gm	BUY 1 GET 1 FREE	MRP ₹275	
सनस्क्रीन लक्मे / पॉन्ड्स	BUY 2 GET 1 FREE	सिलेक्ट वेरिएंट	
सोफी सैनिटरी पैड 48Pc	BUY 2 GET 1 FREE	MRP ₹470	
स्नग & ड्राई बेबी डायपर S66/M58/L52/XL48	BUY 1 GET 1 FREE	MRP ₹799	
अंजलि रसधारा जूसर	MRP ₹649	शुभम मूल्य ₹299	
ऋषभ क्रोम हॉट&कोल्ड बोतल	MRP ₹1120	शुभम मूल्य ₹549	
ब्रांडेड लगेज	UPTO 70% DISCOUNT		
ब्रांडेड सीलिंग फैन	शुभम मूल्य ₹999 से शुरु		

टी-शर्ट ₹199 | शर्ट ₹299 | जींस ₹399 | शॉर्ट्स ₹299

शुभम के मार्ट™
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !

*नियम एवं शर्तें लागू; ऑफर स्टॉक रहने तक यह आफर तेल, घी एवं शक्कर पर लागू नहीं है

रायपुर स्टोर: संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा | भाठागांव
सराईपाली | जुनवानी, भिलाई | पलारी | राजनांदगांव | भाटापारा | धमतरी | जैजैपुर | अकलतरा | पोटिया रोड, दुर्ग
अंजोरा | नवापारा राजिम | बालोद | खैरागढ़कवर्धा | उतई | शिवरीनारायण | सिमगा | बेमेतरा | पाटन | अभनपुर | बेरला

नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं |
सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110 | FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl | Shubham K Mart | @shubhamkmart2926

मदर्स डे पर विशेष

हरिभूमि

शहीद की मां होने का गर्व, छोटा बेटा भी देश व जनसेवा में

मेहनत-मजदूरी कर मां ने बच्चों को दी जनसेवा, देशभक्ति की तालीम

संतोष दुबे ⏭ राजनांदगांव

देशभक्ति व जनसेवा का ऐसा जज्बा की बड़ा बेटा नक्सलियों से मोर्चा लेते शहीद हो गया। जिससे आंखे नम हुई, लेकिन शहीद की मां को बेटे के इस शहादत पर गर्व हुआ। मां ने अपने दूसरे बेटे को भी देशभक्ति व जनसेवा के पथ पर जाने की इजाजत दे दी। मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को ऐसा संस्कार दिया कि आज उन्हें शहीद की मां होने का गौरव है। शहर से लगे जंगलपुर गांव की रहवासी श्रीमती उर्मिला साहू मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को बेहतर परवरिश व शिक्षा दी। उनमें हमेशा से देशभक्त, जनसेवा व परोपकार की भावना रही। बच्चों को इसके लिए हमेशा प्रेरित भी करती रही। पढ़-लिखकर बच्चे बड़े हो गए, तब उनका बड़ा बेटा पूर्णानंद साहू ने वर्ष 2023 सीआरपीएफ ज्वाईन कर लिया। वे सीआरपीएफ कोबरा कमांडो 204 बटालियन में रहकर देशसेवा में थे।

नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे पूर्णानंद

इस दौरान 10 फरवरी 2020 में बीजापुर के पामेड थाना के ग्राम इरापल्ली में सीआरपीएफ की 204 कोबरा बटालियन सर्चिंग के लिए निकले हुए थे, तभी नक्सलियों के साथ बटालियन की मुठभेड़ हो गई। बटालियन के साथ पूर्णानंद साहू बहादुरी के साथ नक्सलियों से मोर्चा लेते रहे और नक्सलियों को खदेड़ा। इस दौरान वे शहीद हो गए। यह खबर जैसे ही उनकी मां उर्मिला साहू एवं पिता लक्ष्मण साहू व परिवार को मिली, घर में परिवार सहित मां को गहरा सदमा लगा, लेकिन परिवार को यह गर्व भी रहा कि उनका बेटा देश के लिए शहीद हो गया। मरणोपरांत उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित भी किया गया।

दूसरे बेटे को भी दी इजाजत

इधर मां उर्मिला का छोटा बेटा अपने बड़े भाई के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके मन में भी देशभक्ति, जनसेवा व परोपकार की भावना प्रबल होते गई, तब उन्होंने भी वर्ष 2024 को सीआरपीएफ ज्वाईन किया। इसके लिए मां उर्मिला ने खुशी-खुशी इजाजत दी। उनके परिजनों ने भी देश व जनसेवा की राह पर चलने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। मां उर्मिला बताती है कि उन्होंने मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को शिक्षा व संस्कार दिया। उन्होंने डबडबाई आंखों और रूधे हुए स्वर में कहा कि उनका बड़ा बेटा देशसेवा के लिए शहीद हो गया। जिससे उन्हें गर्व है कि उनका बेटा देश के काम आया। उन्होंने बताया कि छोटा बेटा भी देश व जनसेवा में है। जिससे उन्हें व परिवार को गर्व होता है। मां उर्मिला आज भी खेत-खलिहान में काम कर अन्य लोगों को भी प्रेरणा दे रही है।

गर्व से कहती हैं कमला, जरूरत पड़ी तो बाकी बेटों को भी भेजूंगी

दो सपूतों को देश की सेवा में भेजकर मुझे गर्व होता है,गांव की गलियों से होकर जब मैं गुजरती हूं तो मुझे सम्मान की दृष्टिकोण से पूरा गांव देखता है। मुझे अपने दोनों बच्चों पर फक्र है जिन्होंने अपना जीवन भारत माता की रक्षा के लिए चुना है। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बेटे पहलगाम के हत्यारों को सबक सिखाकर लौटेंगे। ग्राम कुरानकापा में दिनरात अपनी बच्चों की सलामती के लिए दुआं करती मां कमला बाई चतुर्वेदी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए ये बातें कहीं।

मां ने भारत माता की रक्षा के लिए भेजे दो सपूत

टेकचंद कारडा ⏭ तखतपुर



मुंगेली जिले की पंचायत कुरानकापा एक छोटी सी पंचायत है और इस छोटी सी पंचायत के एक ही घर से दो युवकों में सेना के प्रति इतना प्रेम जागा कि उन्होंने अपने पिता रेशम लाल चतुर्वेदी के कृषि कार्य को आगे न बढ़ाकर देश की रक्षा के लिए सूचना में जाने का संकल्प लिया। मां कमला बाई चतुर्वेदी बताती हैं कि बच्चे शुरू से ही पढ़ने लिखने में काफी होनहार थे। देश में सेना के प्रति जज्बा रखने वाला रंजन चतुर्वेदी उनका पहला बेटा है जिसने सेना ज्वाइन की। 15 दिन पहले ही बेटा छुट्टियां बिताकर वापस पंजाब के पठानकोट गया तब उसे बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है इसके लिए कश्मीर में ड्यूटी लगाई गई है वहीं दूसरा बेटा सुनील चतुर्वेदी चार साल पहले अग्निवीर के माध्यम से देश की सेवा में चला गया है जो वर्तमान में कश्मीर में ही पाकिस्तान से दो दो हाथ कर रहा है। मां हमेशा ही अपने बच्चों के साथ पूरे देश की सलामती के लिए दुआ करती है।

सुरक्षा कारणों से सपंर्क कटा

मां कमला बाई चतुर्वेदी ने बताया कि सुरक्षा कारणों से मोबाइल टावर लोकेशन पता न चले इसके लिए दोनों बच्चों से लगभग 6 -7 दिन पहले बात हुई थी उन बच्चों ने घर में अपने भाई को बताया कि यहां स्थिति तनाव पूर्ण है। सेना के जवानों का लोकेशन पता चल जाती है। उसे जैसे ही मौका लगेगा घर में बात करेगा। घर में तीन भाई रिषी , आकाश, रमाकांत के संबंध में मां कहती है कि मेरे बेटे जो सेना में है उनसे हमें देश सेवा करने का जज्बा मिलता है।

देवर का बेटा शहीद हुआ तो अडिग रही मां, दोनों बेटों को दिखाई देश सेवा की राह

रविकांत सिंह

छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के नागपुर पंचायत की सोनमती साहू के दो बेटे हैं। दोनों बेटे के सेना में रहकर देश सेवा करने पर गर्व कर रही है। बड़े जिनकी उम्र 38 साल है वीर नारायण साहू एसटीएफ में दंतेवाड़ा में तैनात रहकर नक्सलियों से लोहा ले रहा है तो छोटा बेटा रामायण साहू जिनकी उम्र 36 साल है वो बीएसएफ में सिलीगुड़ी बॉर्डर में तैनात होकर देश की सुरक्षा कर रहा है सोनमती ने गर्व से बताया कि मेरे तीन बेटे सेना में जवान थे, जिसमे मेरे देवर का बेटा निकेश कुमार साहू जिसकी उम्र महज 24 साल थी जो बिहार के बेतिया में पदस्थ था वो 2023 में जुलाई माह में शहीद हो गया। अब मेरे दो बेटे वीर नारायण और राम नारायण सेना में रहकर देश सेवा में लगे है। हरिभूमि ने जब सोनमती से यह पूछा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात चल रहे है तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमसे गलत करने वालो का साथ दिया है। हमेशा आतंकवादी हमला कराकर निर्दोष और देश सेवा में लगे नौजवान बेटों को शहीद किया है। सोनमती बताती है कि, जब उनका छोटा बेटा रामनारायण वाघा बॉर्डर में पदस्थ था तो उसने मुझे और अपने पिता को घुमाने बुलाया था वहां देश के वीर जवानों का देश के प्रति प्रेम जो मैंने देखा वो मुझे अंतिम सांस तक याद रहेगा।

OPERATION SINDOOR की सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
''दुल्हे सजेंगे, दुल्हे साहब में''
हर लम्हा यादगार, दुल्हे साहब के साथ
अब कीजिये शादियों और त्यौहारों की शॉपिंग दुल्हे साहब में
दुल्हे साहब®
SUNDAY OPEN
शेरवानी | कोटसूट | कुर्ता पायजामा | इंडोवेस्टर्न | जोधपुरी | ब्लैजर | कैजुअल | फॉर्मल
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी, गेट नं. 2 के सामने, रायपुर मो.- 6262333304
महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक, दुर्ग मो.- 0788-2960006, 88787 89995
चंद्रा मौर्या टॉकीज के बाजू में, चौहान स्टेट, भिलाई मो.- 6262333305
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव मो.- 0744-469885, 88787 89993
CUSTOMER CARE NO: 18003099038 _dulhesahab_

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

6 मई 2025 (रात एक बजकर 5 मिनट से एक्शन शुरू) और 10 मई शाम 5 बजे संघर्ष विराम

जय हिंद की सेना

ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच जो सैन्य तनाव बढ़ा था, उसके 86 घंटे के भीतर ही थमने की उम्मीद जगी थी। अमेरिका के बीच-बचाव करने के बाद भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई को तुरंत प्रभाव पर रोकने के लिए राज़ी हुए, लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और जम्मू, बारामूला, श्रीनगर और बाड़मेर में हमले किए।

युद्ध विराम

युद्ध विराम की घोषणा के बाद पाकिस्तान ने सीमा से रेखा सटे इलाकों में एक बार फिर से फायरिंग कर दी। इसके अलावा उधमपुर में धमाके की आवाज सुनी गई। बारामूला और छंब में भारी गोलीबारी की गई। वहीं, राजौरी में पूरी तरह से ब्लैक आउट कर दिया गया।

जम्मू-कश्मीर के सीएम बोले- यह कैसा सीजफायर

टाइम लाइन

- **शाम 3: 35 मिनट- बन गई बात-** भारतीय डीजीएमओ से फोन पर बात और फिर बात बनी।
- **शाम 5:33-ट्रंप का ट्वीट-** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप के ट्वीट में भारत और पाकिस्तान के युद्ध विराम पर सहमत हो जाने का ऐलान होता है।
- **शाम 5:38 पाक के डिप्टी पीएम** इशाक डार का पोस्ट आता है। उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तान ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।
- **शाम 5.54 विदेश मंत्रालय का ऐलान-**
- विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, शाम पांच बजे से सीजफायर का ऐलान किया जाता है।
- **रात 8 बजे** - पाकिस्तान की ओर से तोड़ा गया सीजफायर, गोलीबारी और ड्रोन हमले

पाक को कितना नुकसान

- तीन लड़ाकू विमान मार गिराए
- पाकिस्तान में आठ सैन्य प्रतिष्ठान ध्वस्त
- एयर डिफेंस और रेडार सिस्टम तबाह
- करीब 5000-6000 करोड़ से अधिक का आर्थिक नुकसान

अब आगे क्या

- पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि का निलंबन बरकरार रहेगा
- पाकिस्तान ने सभी प्रकार के यातायात के लिए अपना हवाई क्षेत्र खोलने की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭| नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा हो गई। भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 'पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने दोपहर 3:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार शाम पांच बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12:00 बजे फिर से बात करेंगे। इधर, भारतीय सेना ने प्रेस कॉफ्रेंस कर पूरी कार्रवाई के बारे में बताया। सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय सेना ने बताया कि हमने पाकिस्तान को ऐसा नुकसान पहुंचा कि उनकी हमले की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारत ने पड़ोसी देश द्वारा ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों और लड़ाकू विमानों का उपयोग करके रक्षा बुनियादी ढांचे और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने की ⏭|शेष पेज 5 पर

पाक के डिप्टी पीएम इशाक डार ने कही थी सीजफायर की बात

सख्त संदेश, भविष्य में किसी भी आतंकी कृत्य को माना जाएगा 'युद्ध की कार्रवाई'

सरकार ने शनिवार को निर्णय लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बीच सरकार ने यह स्पष्ट चेतावनी दी है। इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी फिर से भारत ⏭|शेष पेज 5 पर

अमेरिका की मध्यस्थता से वार्ता

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण' संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने साथ ही दावा किया कि ऐसा अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ता के कारण संभव हो सका है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान 'तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम' पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने कहा, दोनों देशों को समझदारी और विवेक का इस्तेमाल करने के लिए बधाई। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इस्हाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। रुबियो ने भी 'एक्स' पर ऐसा ही बयान दिया है। रुबियो ने कहा, पिछले ⏭|शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर किया था दावा

राजौरी में ब्लैकआउट, उधमपुर में ब्लास्ट, बारामूला-छंब में पाकिस्तान ने की गोलीबारी, आसमान में दिखे ड्रोन

कुछ घंटे भी नहीं टिक पाया संघर्ष विराम

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के ताबड़तोड़ हमलों से बैकफुट पर आए पाकिस्तान ने युद्ध विराम की घोषणा के बाद एक फिर से अपनी नापक चाल चल दी है। पाकिस्तान ने सीमा से रेखा सटे इलाकों में एक बार फिर से फायरिंग शुरू कर दी। इसके अलावा उधमपुर में धमाके की आवाज सुनी गई। बारामूला और छंब में भारी गोलीबारी हो रही है। वहीं, राजौरी में पूरी तरह से ब्लैक आउट कर दिया गया। कानाचक सेक्टर से मढ़ में तीन ड्रोन आसमान पर देखे गए। पाकिस्तान की इस हिमाकत का भारतीय जवानों ने माकूल जवाब दिया।

शहबाज बोले- हम खून के आखिरी कतरे तक लड़ेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार रात 11:30 बजे देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमला करके जो गलती की है, उसका खामियाजा उसे जरूर भुगतना होगा। शनिवार रात 11:30 बजे फिर झूठा दावा किया और कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। हम खून के आखिरी कतरे तक लड़ेंगे।

चीन ने कहा- हम पाकिस्तान के साथ खड़े रहेंगे

इधर, चीन ने अपनी असली सूरत दिखा दी है। उसने पाकिस्तान के समर्थन में बोलते हुए कहा कि वो उसके साथ खड़ा रहेगा। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता को बनाए रखने में उसके साथ खड़ा रहेगा।



कंधार हाईजैक, मुंबई हमले के मास्टरमाइंड ढेर

7 मई को लांच हुआ था ऑपरेशन सिंदूर, 86 घंटे में दहल गया पाक

भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर'के तहत पाकिस्तान और पीओके में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। न्यूज एजेंसी एएनआई ने खुफिया एजेंसियों के हवाले से शनिवार को इनमें से 5 आतंकियों की लिस्ट जारी की। इनके नाम अबू जुंदाल, हाफिज मुहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ अजहर, मोहम्मद सलीम, घोसी साहब और मोहम्मद हसन खान हैं। यूसुफ कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड और जुंदाल मुंबई हमले में शामिल था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम अटैक के बाद आतंकियों के 9 ठिकानों को मिसाइल से निशाना बनाया था। ये पांचों आतंकी एक साथ या अलग-अलग मारे गए, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। आइए जानते हैं इनके बारे में...

ढेर हुए आतंकियों में मसूद अजहर का भाई, लश्कर इंचार्ज अबू जुंदाल और जैश का हाफिज मोहम्मद भी

इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था

मुदस्सर खडियान खास उर्फ अबू जुंदाल

लश्कर-ए-तैयबा का यह आतंकवादी मुरीदके के मरकज तैयबा का प्रभारी था। ऑपरेशन की रात में वहीं पर मौजूद था। पाकिस्तान से जो खुफिया जानकारी आई है, उसके मुताबिक अबू जुंदाल के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी सेना द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जुंदाल के अंतिम संस्कार में पाक सेना प्रमुख और पंजाब के मुख्यमंत्री (मरियम नवाज) की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व जमात-उद-दावा (एक नामित वैश्विक आतंकवादी) के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाक सेना के एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज समारोह में शामिल हुए। अबू जुंदाल 2008 के मुंबई हमलों में शामिल था।

हाफिज मुहम्मद जमील : जैश ए-मोहम्मद से संबंधित जमील मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़े बहनोई था। जिस दिन ऑपरेशन हुआ था, उस दिन जमील बहावलपुर के घर में सो रहा था। जमील के जिम्मे मरकज सुभानअल्लाह की जिम्मेदारी थी। जमील युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था।

खालिद अबू आकाश: लश्कर-ए-तैयबा का यह आतंकवादी अफगानिस्तान से हथियार सप्लाई का काम करता था। जिस दिन हमला हुआ, उस दिन वह अपने घर में सो रहा था। खालिद पर जम्मू में आतंक फैलाने का आरोप था। खालिद का अंतिम संस्कार फैसलाबाद में किया गया, जहां वरिष्ठ पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए।

मोहम्मद हसन खान : जैश का यह आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था। इसने पहले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई थी।

मोहम्मद यूसुफ अजहर

जैश के इस आतंकवादी को उस्ताद और मोहम्मद सलीम के नाम से भी जाना जाता था। यह मसूद अजहर का साला था। जैश के मदरसे में अजहर हथियारों की ट्रेनिंग संभालता था। अजहर जम्मू के कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। आईसी-814 अपहरण यानी कंधार हाईजैक मामले में उसे वांछित माना गया था।

भारत ने इन 9 आतंकी ठिकानों पर की थी एयर स्ट्राइक

भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में जिन 9 लोकेशन पर 24 से ज्यादा हमले किए थे, उनमें से चार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित हैं, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय मरकज तैयबा, सियालकोट में जैश का सरजल कैंप और हिजबुल मुजाहिदीन का महमूना कैंप शामिल हैं। इसके अलावा अन्य पांच ठिकाने पीओके में स्थित हैं, जिनमें कोटली में लश्कर का बॉम्बर कैंप और गुलपुर कैंप, मुजफ्फराबाद में लश्कर का सवाई कैंप और जैश का बिलाल कैंप और भीमबेर में बरनाला टेरर कैंप शामिल हैं, जिन्हें भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक में नेस्तनाबूद कर दिया था। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक आतंकी शिविरों पर भारत की इस एयर स्ट्राइक में 100 के करीब आतंकियों के मारे जाने की संभावना है।

सियालकोट में आतंकियों के लॉन्च पैड को किया तबाह

बीएसएफ का सूनी में बड़ा एक्शन

जम्मू बीएसफ ने पाकिस्तान के सियालकोट जिले में लूनी के आतंकी लॉन्च पैड को तबाह कर दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बीएसएफ के सूत्रों से इसे लेकर एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें आतंकी लॉन्चपैड धू-धू कर जलता हुआ दिखाई दे रहा है। जिस लॉन्चपैड को तबाह किया गया है, वह अखनूर एरिया में है। पाकिस्तान की तरफ से हो रहे सभी हमलों का सेना की तरफ से करारा जवाब दिया जा रहा है। 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने सारी सीमाओं को तोड़ते हुए भारत पर फतेह-1 मिसाइल से सीधा हमले करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी सजगता से नाकाम कर दिया। पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा अपने ऊपर किए जा रहे इन हमलों का भारत की सेना लगातार जवाब दे रही है। बता दें कि बीती पूरी रात पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर ड्रोन से हमला कर रहा है, जिसे भारत अपने मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम से नाकाम कर रही है।

भारत ने दागीं 6 बैलिस्टिक मिसाइलें पाकिस्तान के 4 एयरबेस भी तबाह

भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर तनाव बना हुआ है। सीजफायर के पहले पाकिस्तान लगातार भारत पर हमले कर रहा था। भारत उसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा था। गुरुवार के बाद शुक्रवार देर शाम से ही पाकिस्तान की तरफ से लगातार भारत के 26 शहरों में आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमले किए, जिन्हें भारतीय रक्षा प्रणाली ने पूरी तरह विफल कर दिया। इस बीच पाकिस्तान आर्मी ने दावा किया है कि भारत ने छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तान ने इसे भारत का गैर-जिम्मेदाराना हरकत करार दिया है। जिसके बाद पाकिस्तान ने एयरबेस बंद कर नोट जारी किया है। हालांकि, भारत सरकार की ओर से हमले को लेकर अभी कोई भी पुष्टि नहीं की गई है।

पाकिस्तानी सेना ने क्या कहा

पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग आईएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया है कि भारत की ओर से छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई हैं। यह मिसाइलें भारत ने जालंधर के आदमपुर एयरबेस से दागी हैं। रावलपिंडी, इस्लामाबाद और लाहौर में कई जोरदार धमाकों की खबर है, जिनकी गूंज दूर-दूर तक महसूस की गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और वे घरों से बाहर निकल आए।

1971 के बाद तीनों सेनाओं ने एक साथ सिखाया पाक को सबक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

7 मई 2025 को भारत ने आतंकवाद के खिलाफ इतिहास रचते हुए पाकिस्तान पर सबसे बड़ा और सबसे गहरा सैन्य प्रहार किया। इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया, जो सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीतिक क्षमता, राजनीतिक संकल्प और सैन्य तालमेल का प्रतीक बन गया है। यह ऑपरेशन न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारत के सैन्य इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से जुड़ी आतंकी गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को करारा झटका दिया।

कई मायनों में ऐतिहासिक रहा 'ऑपरेशन सिंदूर'

यह पहली बार, जब परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के भीतर हुई दुनिया में कार्रवाई

पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त प्रहार

1971 के बाद यह पहली बार हुआ जब थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने एक साथ साझा कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर गहराई तक हमला बोला। भारत ने आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाते हुए आतंकवाद के नेटवर्क की रीढ़ तोड़ दी।

सबसे गहरा और सबसे बड़ा प्रहार

यह भारत की ओर से पाकिस्तान की धरती पर पिछले पांच दशकों का सबसे बड़ा और सबसे गहरा सैन्य अभियान था। इस ऑपरेशन में भारत ने पहली बार अपने अत्याधुनिक हथियारों का खुलकर प्रदर्शन किया, जिसमें एसकैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर स्मार्ट बम और लॉइटरिंग म्यूनिशन (घूमकर निशाना साधने वाले ड्रोन) शामिल है। इन हथियारों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को अप्रभावी साबित कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 9 बड़े आतंकवादी हब को पूरी तरह ध्वस्त किया।

बहावलपुर और मुरिदके जैसे गढ़ तबाह

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भीतर जाकर मुरिदके, बहावलपुर, सियालकोट जैसे प्रमुख स्थानों पर मिसाइल और हवाई हमले किए. यह वही क्षेत्र हैं जहां आतंकी संगठनों के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर मौजूद थे और जो वर्षों से भारत पर हमलों की साजिशें रचते आए हैं।

आतंकियों की लीडरशिप को खत्म करने की रणनीति

पहली बार भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को नहीं, बल्कि नेतृत्व स्तर के आतंकियों को भी निशाना बनाया। 2001 संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले और हालिया पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंडों को खत्म करने पर केंद्रित यह हमला रणनीतिक दृष्टि से बेहद निर्णायक रहा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। चाहे वह दुश्मन की धरती पर कितनी भी गहराई में क्यों न हो। यह पहली बार हुआ जब किसी देश ने खुले तौर पर एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के भीतर इतने अंदर तक सैन्य कार्रवाई की और सफल रहा।

चैनलों और सोशल मीडिया से डिलीट करवा रहा फोटो-वीडियो

हिन्दुस्तान ने मचाई तबाही तो नुकसान छुपाने में लगा पाक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान में सीजफायर हो गया है। अब पाकिस्तान हमले में हुए नुकसान को छुपाने में लगा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर लशकर ए तैयबा, जैश ए मुहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया और बड़ी संख्या में आतंकियों को मारा था।

उसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के कई शहरों में ड्रोन से हमले किए जिसके जवाब में हिंदुस्तान ने पाक के कई शहरों पर जवाबी कार्रवाई की। भारत ने पाकिस्तानी एयर डिफेंस की बखिया उधेड़ते हुए उसके चार एयरबेसों को मिसाइल हमले में तबाह कर दिया। पाकिस्तानी सेना भारतीय हमलों में हुए नुकसान को छिपाने की रणनीति पर काम कर रही है। पाकिस्तान की मीडिया अपने यहां हुए नुकसान की खबरों को कवर नहीं कर रही है। भारतीय हमले से जुड़ी कोई भी खबर पाकिस्तान की मीडिया में नहीं ब्रॉडकास्ट किया जा रहा है। पाकिस्तानी सेना ने भारतीय हमले में हुए नुकसान से जुड़े दृश्यों को दिखाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तानी सेना से जुड़े अकाउंट्स ने यूजर्स से सोशल मीडिया पर नुकसान की तस्वीरें नहीं पोस्ट करने की गुजारिश की है साथ ही डाली गई तस्वीरें हटाने को कहा है।

इंटरनेट से नुकसान के वीडियो हटवा रही पाक सेना : स्थानीय लोगों ने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं, जिनमें भारतीय मिसाइलों के हमले से जमीन में बड़े-बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। पाकिस्तानी सेना अब इन तस्वीरों और वीडियो को डिलीट करवाने में लगी है, जिससे उसको पड़ी मार का लोगों को पता न चल सके।

कर्नल सोफिया ने तस्वीरें दिखाकर पाक का झूठ किया बेनकाब!

नई दिल्ली। 10 मई 2025 को भारतीय सेना की प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के झूठे दावों को तस्वीरों और सबूतों के साथ उजागर किया। कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान यह झूठा प्रचार कर रहा था कि भारत ने सूरत और सिरसा जैसे हवाई अड्डों को खो दिया है, जो बिलकुल गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने नागरिकों को ढाल बनाकर झूठी तस्वीरें और वीडियो फैला रहा था। भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने मिसाइल और ड्रोन हमलों को समय रहते नष्ट कर दिया था, जिससे कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। भटिंडा में एक सशस्त्र ड्रोन को रात के समय ट्रैक कर निष्क्रिय किया गया और भुज में भी हमले को नाकाम कर दिया गया था।

अफगानिस्तान को लेकर पाक सरकार ने बोला झूठ

भारत पर लगाए आरोपों का तालिबान सरकार ने किया खंडन

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि भारत ने अपनी मिसाइलों से अफगान क्षेत्र पर हमला किया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खावरिजमी ने हुर्रियत रेडियो से बातचीत में कहा कि ऐसे किसी भी हमले का कोई आधार नहीं है, यह दावा पूरी तरह निराधार है।

इधर सीजफायर, लेकिन उधर पाकिस्तान की हालत खराब

बलूचिस्तान में बलूच आर्मी ने एक साथ 39 जगह किया अटैक!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर हो गया है लेकिन पाकिस्तान का हालत उसके भीतर बहुत खराब है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) लगातार अटैक कर रही है। शनिवार को भी कई जगहों पर निशाना बनाया गया है।

बलूचिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपना एक्शन तेज कर दिया है। बलोच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जियांद बलोच की ओर से जारी बयान के मुताबिक, बीएलए ने बलूचिस्तान के 39 अलग-अलग ठिकानों पर अटैक किया है। बीएलए का कहना है कि हमारा ये ऑपरेशन अभी भी जारी है, इस ऑपरेशन के दौरान बड़े हाइवे को निशाना बनाया जा रहा है, साथ ही पाकिस्तानी पुलिस स्टेशन, पाकिस्तानी सेना और उनके हथियारों को पकड़ा जा रहा है।

बीएलए ने अपने बयान में लिखा है, 'हमने पाकिस्तानी पुलिस चौकियों, बड़े हाइवे, सेना के जासूस, पाकिस्तानी सेना के हथियार और उनके काफिले को निशाना बनाया है। हमारा ये ऑपरेशन जारी है और आगे विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी।

बलोच आर्मी लगातार पाकिस्तान को दे रही झटका

बता दें कि एक तरफ जहां पाकिस्तानी सेना भारत से भिड़ने की असफल कोशिश कर रही है, दूसरी तरफ उसे बलोच लिबरेशन आर्मी से अपने ही मुल्क में मुंह की खानी पड़ रही है। पिछले तीन दिनों (7-9 मई) में बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में कई घातक हमले किए हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ। 7 मई को बोलन के मच-कच्छी जिले में बीएलए ने एक सैन्य काफिले पर रिमोट-नियंत्रित **IED** हमला किया, जिसमें 12 सैनिक मारे जाने का दावा किया गया, जिनमें विशेष अभियान कमांडर तारिक इमरान और सूबेदार उमर फारूक शामिल थे. उसी दिन केच के कुलाग तिगरान क्षेत्र में सेना की बम निष्क्रिय इकाई पर हमले में दो सैनिक और एक बम विशेषज्ञ की मौत हुई। बीएलए ने इन हमलों को पाकिस्तानी सेना की "दमनकारी नीतियों" के खिलाफ जवाबी कार्रवाई बताया। इतना ही नहीं 8 मई को भी क्वेटा में बीएलए ने छह हमले किए, जिनमें सैन्य ठिकानों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में कई सैनिक हताहत होने की खबर है। बीएलए ने दावा किया कि ये कार्रवाई बलोच जनता पर हो रहे अत्याचारों का बदला हैं।

सीजफायर का तय फॉर्मूला नहीं, होते हैं कुछ आम प्रोटोकॉल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर यानी संघर्ष विराम की घोषणा हुई है। सबसे पहले इसकी घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की।

ट्रंप के बयान के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भी यह जानकारी दी। इस फैसले को लेकर लोगों के मन में कई सवाल हैं सीजफायर आखिर होता क्या है? इससे जमीनी हालात पर क्या असर होता है? और इसे लागू करने का तरीका क्या होता है?

सीजफायर का मतलब

सीजफायर का मतलब होता है संघर्ष या लड़ाई पर अस्थायी या स्थायी रोक। जब दो देश या पक्ष आपसी सहमति से गोलीबारी और अन्य सैन्य गतिविधियां बंद करने का फैसला करते हैं, तो इसे ही सीजफायर कहा जाता है। यह एक तरह की शांति पहल होती है ताकि बातचीत का माहौल बन सके या मानवीय मदद पहुंचाई जा सके। सीजफायर एकतरफा भी हो सकता है, यानी कोई एक पक्ष युद्ध रोकने की घोषणा करे। या फिर यह आपसी सहमति से भी लागू हो सकता है, जिसमें दोनों पक्ष हमले रोकने का वादा करते हैं।

सीजफायर का फैसला कैसे होता है, भारत और पाकिस्तान अब क्या करेंगे?

अग्रिम मोर्चों पर नहीं होतीं आक्रामक गतिविधियां

नागरिक ठिकानों अस्पताल, स्कूल को नहीं बनाया जाता निशाना

सीजफायर का प्रोटोकॉल

सीजफायर का कोई एक तय फॉर्मूला नहीं होता, लेकिन कुछ आम प्रोटोकॉल जरूर होते हैं। जैसे दोनों देशों की सेनाएं अग्रिम मोर्चों पर आक्रामक गतिविधियां रोक देती हैं। नागरिक ठिकानों (जैसे अस्पताल, स्कूल आदि) को निशाना नहीं बनाया जाता। गलत सूचनाएं और दुष्प्रचार (मिसइनफॉर्मेशन) रोकने पर सहमति होती है, सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ा दी जाती है, ताकि अफवाहें फैले नहीं. किसी तीसरे देश या संस्था (जैसे यूएन या अमेरिका) को निगरानी की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

भारत-पाकिस्तान सीजफायर : क्यों और कैसे?

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का इतिहास 1949 से जुड़ा है, जब कश्मीर युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप से दोनों देशों ने एक समझौते के तहत फायरिंग रोकने की बात मानी। इसी समझौते में सीजफायर लाइन बनाई गई थी, जिसे आज लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) कहा जाता है। हाल ही में जो सीजफायर हुआ है, उसमें मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने पर सहमति बनी है। इसमें खास तौर पर पाकिस्तान की ओर से इस्तेमाल किए जा रहे तुर्की के ड्रोन (जैसे एसीगार्ड सोनगर) और भारत की संवेदनशील सैन्य जगहों जैसे अडंमपुर में एस-400 सिस्टम को निशाना बनाए जाने पर रोक लगाने की बात है।

दुष्प्रचार और सीजफायर उल्लंघन की चुनौती

हालांकि सीजफायर के बाद भी जमीनी हकीकत में बदलाव देखना हमेशा मुमकिन नहीं होता। पाकिस्तान की तरफ से पहले भी कई बार संघर्ष विराम के उल्लंघन की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो या दावे फैलाकर माहौल को खराब करने की कोशिशें होती रही हैं। सीजफायर का मकसद होता है तनाव को कम करना, बातचीत की संभावनाएं बढ़ाना और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना। लेकिन इसका स्थायी असर तभी होता है जब दोनों पक्ष ईमानदारी से इसका पालन करें। किसी भी उल्लंघन से विश्वास टूटता है और हालात फिर से युद्ध की तरफ बढ़ सकते हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

इस मदर्स डे पर वीरांगना माताओं को सलाम...

मरणोपरांत मिला था राजस्थान के महिपाल यादव को शौर्य चक्र

मां की जिम्मेदारी निभाते हुए पूरा किया देश के प्रति अपना फर्ज

गोद में दो साल की बेटी लिए शुरू की दोबारा पढ़ाई, अब कई उपाधियां

बस्तर में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के पुत्र भी नक्सलियों से ले रहे लोहा

पति के बाद बेटे-बेटियों को भेजा सेना में...कहा-

मां से पहले... भारत मां का हक

एक मां जन्म देती है। दूसरी भारत मां के आंचल में हम पलते-बढ़े होते हैं। अपने वतन की मिट्टी में, हवा में यहां के संस्कारों से हम आकार लेते हैं। हमारी रगो में दोनों ही मां का रक्त प्रवाहित होता है। रक्त का एक-एक कतरा जन्मदायी मां और भारत मां के लिए न्योछावर कर देना हमारे संस्कार हैं। यह संस्कार देती है मां। वह मां जो अपने सुहाग को, अपने पुत्र को, अपनी निर्भय, निडर पुत्री को देश की सेवा में भेजने से हिचकती नहीं है। ऐसी मां जिसका सुहाग देश की सेवा करते हुए शहीद हुआ तो मां ने बेटे-बेटियों से कहा-मुझसे ज्यादा हक वतन का तुम पर। तुम्हें इस धरा का कर्ज चुकाना है। इस मदर्स डे पर ऐसी ही मांओं की कहानियां...इस मदर्स डे पर। जिन्होंने भारत मां की खातिर अपने पति के बाद पुत्र और पुत्रियों को भारत मां की सेवा के लिए भेज दिया।

नक्सली हमले में हुई पति की शहादत, अब बेटी बढ़ा रही मान

हफीज खान ⏭ राजनांदगांव

पति का साथ छूटा, लेकिन हौसला नहीं टूटा। उस मां ने अपने जज्बातों को संभाल और पति की तरह ही बेटी को भी पुलिस की वर्दी पहनाई। शहर के पेंड्री वार्ड में रहने वाली रेणु झा के पति रितेश झा नक्सलियों के हमले में शहीद हो गए थे। पति की शहादत के बाद मां और पिता दोनों की जिम्मेदारी को रेणु झा ने बखूबी निभाया। पति की शहादत के दौरान अपनी दो मासूम बच्चियों की परवरिश का पूरा जिम्मा रेणु के कांधे पर आ गया। संघर्ष भरे हालातों से वह लड़ती रही और मां के हौसलों के सामने हर मुसीबत हारती चली गई। एक तरफ जहां पति की शहादत का गर्व था। वहीं दूसरी ओर बेटियों की चिंता, लेकिन रेणु ने हालातों को हावी नहीं होने दिया। उन्होंने पति के बाद अपनी बेटी को भी पुलिस विभाग में इसी देशसेवा के जज्बे के साथ भेजा, जो जज्बा ⏭शेष पेज 5 पर

■ पति की हुई शहादत तो मां ने बेटी को बनाया आरक्षक

नक्सल हमले में शहीद

शहीद आरक्षक रितेश झा देशसेवा का जज्बा लिए वर्ष 2006 में बीजापुर जिला पुलिस बल में शामिल हुए। उनके 4 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हुई थी। ऐसे में नक्सल मोर्चे में तैनात रितेश झा पामेड़ थाना क्षेत्र में हुए नक्सली हमले में शहीद हो गए।

पति की शहादत के बाद मां ने दिखाई धरा-सी दृढ़ता भैंस पालकर बेटियों को पढ़ाया, बनाया नेवी ऑफिसर

मैं मीना यादव राजस्थान और हरियाणा बॉर्डर के पास एक छोटे से गांव में पैदा हुई थी। दसवीं कक्षा तक ही पढ़ाई कर पाई थी मैं। 20 साल की उम्र में सेना में जवान महिपाल यादव संग ब्याही गई। पति बहुत ख्याल रखते थे। सेना में थे, इसलिए तीन-तीन महीने तक भी सेवा के लिए बाहर रहना पड़ता था। जब कभी घर आते बेटियों पर खूब प्यार लुटाते।

रुचि वर्मा ⏭ राजस्थान

शादी के बाद जिस तरह के सुंदर जीवन का सपना किसी भी लड़की का होता है, वो मेरे पास था। सबकुछ अच्छा चल रहा था कि 29 जुलाई 1996 का दिन आया। मेरे पति की तैनाती एक बायो शिप पर थी। शिप के निचले हिस्से में कुछ खराबी आ गई। पति ने फैसला किया कि वे नीचे जाएंगे। खराबी ठीक की। शिप में तैनात बाकी साथियों की जान बचाने में तो वे कामयाब हो गए, लेकिन मैंने अपना पति और मेरी बेटियों ने अपना पिता हमेशा के लिए खो दिया। मरणोपरांत उन्हें शौर्य चक्र मिला। पति को खोने का गम तो था, लेकिन जब राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र प्रदान किया तो सिर फख्र से ऊंचा हो गया।

पति के जाने के बाद मेरे ऊपर दो बेटियों की जिम्मेदारी आ गई। मैंने हार नहीं मानी। फैसला किया कि मेरे पति ने सेवा का जो मिशन शुरू किया है, उसे मेरी बेटियां आगे बढ़ाएंगी। फैसला लेने के बाद उसे पूरा करने का वक्त था। मैंने ⏭शेष पेज 5 पर

■ मां की तपस्या... दो बेटियों में एक डॉक्टर और एक पिता के नक्शेकदम पर

■ मदर्स डे पर घर आने वाली थी बेटी, लेकिन आपातकाल के कारण रद्द हो गई छुट्टी

धरती मां से बड़ा कुछ नहीं

मेरे लिए मेरा देश पहले है। भारत मां सबसे पहले। उसके लिए कुछ भी कुर्बान किया जा सकता है। पति की शहादत का दर्द असहनीय होता है। उसके बाद बेटी को नेवी में भेजते वक्त मुझे कोई संकोच नहीं हुआ। देश की सेवा के लिए एक जान तो क्या सौ जन्म कुर्बान किए जा सकते हैं। मेरी बेटी पर मुझसे पहले भारत मां का हक है। वह अपना फर्ज निभा रही है। मैं एक मां के तौर पर गर्व महसूस करती हूं।

छोटी बेटी पिता की राह पर

छोटी बेटी मनीषा यादव नेवी में ऑफिसर है। अभी दिल्ली में सेवा दे रही है। रविवार को घर आने वाली थी, लेकिन उसका फोन आया कि भारत-पाक युद्ध के हालात के चलते उसकी छुट्टियां रद्द हो गई है। बेटी की छुट्टियां कैंसिल होने का दुख नहीं है, बल्कि मुझे गर्व है कि इस मुश्किल वक्त में वे देश के लिए डटी हुई है। मैं चाहती हूं कि पाक को सबक मिले। निर्दोष पर्यटकों को मारकर उन्हें क्या हासिल हुआ? उन्हें ऐसा जवाब दिया जाए कि वो दोबारा ऐसी हरकत ना करे।

अपने सपूतों पर गर्व है मुझे....

आशा का एक बेटा देश के लिए परिवार सहित न्योछावर हो गया दूसरा सीमा की रक्षा कर रहा

पाकिस्तान के 6 आतंकियों को मार गिराया

शहीद की मां कहती हैं कि उनके बड़े बेटे कर्नल विप्लव त्रिपाठी का जन्म 20 मई 1981 को रायगढ़ के जिला चिकित्सालय में हुआ था। शहीद विप्लव त्रिपाठी की प्राथमिक शिक्षा कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल में हुई। इसके बाद आशा के ही प्रोत्साहन पर शहीद विप्लव ने सैनिक स्कूल में रीवा से हायर सेकेंडरी की शिक्षा पूरी की। फिर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे में तीन वर्ष शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्हें भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में अध्ययन के लिए चयन किया गया। 2003 में आईएमए ⏭शेष पेज 5 पर

जितेन्द्र मेहर, रायगढ़। रायगढ़ शहर में आशा नाम की एक ऐसी मां भी हैं जिन्होंने अपने एक बेटे को देश के लिए न्योछावर कर दिया। बड़ा बेटा कर्नल विप्लव त्रिपाठी भारत माता की रक्षा करते-करते परिवार सहित शहीद हो गया तो दूसरा बेटा कर्नल अनय त्रिपाठी आज बॉर्डर पर तैनात होकर दुश्मनों से लोहा ले रहा है। इस मां की ममता, धैर्य और अदम्य साहस की पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी प्रशंसा हो रही है। गर्ल्स कॉलेज की रिटायर्ड लाइब्रेरियन, समाजसेविका, लेखिका सुभाष त्रिपाठी की धर्मपत्नी आशा त्रिपाठी की दास्तां हर कोई सुनना चाहता है। आशा त्रिपाठी ने अपने जीवन में कई नेक काम किए हैं, जिनकी चर्चा आज भी होती है। उनके जीवन में उनकी सबसे बड़ी कुर्बानी यह रही कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित किया। हर मां अपने बेटों की लंबी आयु की कामना करती हैं और उन्हें खोने के डर से सेना में जाने से रोकती नजर आती हैं, लेकिन आशा त्रिपाठी एक ऐसी ⏭शेष पेज 5 पर

आशा त्रिपाठी, मां

पति कश्मीर में ब्लास्ट में शहीद हुए उस वक्त गोद में थी 8 माह की बेटी

नई दिल्ली। मैं लेफ्टिनेंट कर्नल गीतांजली चौधरी... जब पति को खोया तो 8 माह की बेटी गोद में थी। पिता फौज में थे तो चाहती थी कि पति भी फौज में हों। एक सामान्य गृहस्थ जीवन की चाह थी बस। पति मेजर संदीप चौधरी से 1992 में शादी हुई थी। उस वक्त सिर्फ 21 साल की थी। पहले राजस्थान और फिर कश्मीर में पोस्टिंग हुई। उन्हें हमेशा से ही बेटी चाहिए थी। जब बेटी हुई तो हमने उसका नाम तनीषा रखा। बेटी उनके साथ बहुत कम वक्त बीता पाई। श्रीनगर में टीम के साथ ऑपरेशन के दौरान वे आईईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। उनके जाने के बाद मैं टूट गई। अपनी बेटी के लिए अपने आप को दोबारा संभाला। शादी के पहले अमृतसर से स्नातक तक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। अब मैंने अपने पति के नक्शेकदम पर चलते हुए देशसेवा करने का फैसला लिया और सेना में जाने की तैयारी करने लगी। मैंने एसएसबी की परीक्षा में टॉप किया था। सितंबर 1998 में चेन्नई के ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकेडमी में ज्वॉइनिंग दी। यहां से देशसेवा के पति के जज्बात को आगे बढ़ाया। देश ⏭शेष पेज 5 पर

■ लेफ्टिनेंट कर्नल गीतांजली चौधरी ने पति की मौत के बाद किया था एसएसबी में टॉप

■ अपनी बेटी के लिए अपने आप को दोबारा संभाला

गोद में बेटी को लेकर पढ़ाई कर बनी फौज में अफसर

नई दिल्ली। मैं मीनाक्षी चंदन पटना के दानापुर कैंट के पास एक छोटे से गांव में 1981 में जन्मी थी। 19 साल की थी, जब शादी हुई। 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर पाई थी उस वक्त तक। नवंबर 2000 में शादी हुई। एक साल बाद दिसंबर 2001 में एक नन्ही परी घर आई।

हमने उसका नाम रखा-नुपुर। मातृत्व सुख ने जीवन पूर्ण किया। लेकिन 5 अप्रैल 2003 में उस वक्त जिंदगी बिखर गई, जब सियाचीन में ऑपरेशन मेघदूत के वक्त पति मेजर अमित कुमार चंदन शहीद हो गए। उनकी शहादत पर फक्र तो था, साथ ही बेटी की जिम्मेदारी भी थी। बेटी की खातिर पढ़ाई दोबारा शुरु करने का फैसला किया। मैं दिल्ली शिफ्ट हो गई। दो साल की बेटी को गोद में लिए पढ़ाई पूरी की, बीएड-एमएड सहित कई डिग्रियां हासिल की और कॉलेज में प्राध्यापक हो ⏭शेष पेज 5 पर

पति के शहादत के बाद मां ने बेटों को भेजा देश सेवा के लिए

राजेश दासः जगदलपुर। किसी भी संतान के लिए मां का स्थान सबसे उपर होता है गर्भ में नौ महिने तक रखने के दौरान जो कष्ट मां को होता है वह दुनिया में किसी अन्य को नहीं होता इसलिए मां को सबसे पूज्य व महानता की मूरत कहा गया है। आज मदर्स डे है उस मां की त्याग, तपस्या और उसकी लगन निष्ठा को रेखांकित करेगें जब वह पति के शहादत के बाद अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए फौज या फोर्स में भेजने के लिए कड़ी मेहनत की जो उसके त्याग को दर्शाता है। हम बात कर रहे है उन वीरों की जो बस्तर में नक्सलियों से लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। पति की शहादत के बाद मां ने अपने वीर बेटों को देश की सेवा के ⏭शेष पेज 5 पर

पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भारत ने प्रशासनिक कदम और सैन्य ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस ऑपरेशन को लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि उसका एक्शन आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। लेकिन भारत के सैन्य ऑपरेशन से बौखलाए पाकिस्तान की फौज ने एलओसी पर नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की और भारत के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। न केवल भारत ने पाक के सभी हमले को नाकाम किया, बल्कि जबावी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर लाहौर, सियालकोट, रावलपिंडी, कराची, बहावलपुर, इस्लामाबाद में सैन्य अड्डों पर भारी तबाही मचाई। भारत ने संयम बरतते हुए पाकिस्तानी आवाम को निशाना नहीं बनाया। अभी दोनों मुल्कों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं, तनाव चरम पर है। इस भी भारत ने निर्णय लिया है कि आगे से पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध माना जाएगा और दो दिन के लिए सीमा पर दोनों देश सीजफायर पर सहमत हुए हैं। इसमें अमेरिका की भूमिका मानी जा रही है। केंद्र व सेना की हर कार्रवाई बदले भारत के मिज़ाज को बयां करती है। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...

नए भारत का 'बदला' मिज़ाज

रणनीति

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा।

कश्मीर में विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का सशस्त्र प्रतिरोध करने की भारतीय सैन्य रणनीति अब बाकायदा परिवर्तित कर दी गई है। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए नृशंस हत्याकांड के तत्पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध एकदम नई और अनोखी सैन्य रणनीति अख्तियार की गई है। पुराने दौर में जिहादी आक्रमणों के पश्चात भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई करने की कोशिश करती रहती थी। वर्ष 1993 में मुंबई नगरी को पाक प्रायोजित आतंकवादी बम विस्फोटों द्वारा दहलाया गया था। इस वारदात में तकरीबन 260 बेगुनाह नागरिक मारे गए थे। 13 दिसंबर सन् 2001 में जब भारतीय संसद भवन पर आतंकवादी हमला हुआ था और उसके बाद 26 नवंबर 2008 में मुंबई नगरी पर जिहादी आक्रमण अंजाम दिया गया था । इस वारदात में तकरीबन 160 नागरिक हलाक हो गए थे और सैकड़ों लोग बुरी तरह से जख्मी हुए थे। हुकूमत ए हिंदुस्तान ने इन समस्त नृशंस जिहादी आक्रमणों के प्रतिरोध में कदाचित कोई भी ठोस सैन्य कार्रवाई अंजाम नहीं दी थी। वर्ष 2016 में जम्मू कश्मीर के उरी क्षेत्र में पाकिस्तान आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दी गई 19 भारतीय सैनिकों की शहादत के तत्पश्चात भारत सेना की एक कमांडो टुकड़ी ने कथित नियंत्रण रेखा को रौंद कर मेजर माइक टैंगों के नेतृत्व में जिहादी दहशतगर्दों के दो प्रशिक्षण शिविर पर सर्जिकल स्ट्राइक अंजाम दी। इस सर्जिकल स्ट्राइक में 40 जिहादी दहशतगर्दों को हलाक कर दिया गया था। वर्ष 2019 में पुलवामा में एक जिहादी द्वारा भयानक आत्मघाती विस्फोट अंजाम दिया गया।

आतंकवादियों के नौ ठिकाने नेस्तनाबूद

इस आत्मघाती विस्फोट के परिणाम स्वरूप भारतीय अर्ध सैनिक बलों के 40 जवान मौत के घाट उतार दिए गए। पुलवामा के आतंकवादी आक्रमण का सैन्य प्रतिशोध लेने के लिए भारतीय सेना फाइटर जेट्स ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की काग़ान घाटी में बालाकोट स्थित जिहादी कैंप को सटीक एयर स्ट्राइक्स द्वारा पूर्णत ध्वस्त कर दिया गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुकूमत ए पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा। पाकिस्तान और भारत के मध्य निरंतर जारी वर्तमान सैन्य संघर्ष पर विश्व के अनेक देशों ने गहन चिंता का इज़हार तो किया है, लेकिन पाक फौज द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सैन्य कार्रवाइयों का ज्यादातर देशों ने कदाचित विरोध नहीं किया है। भारत सरकार द्वारा ठोस सबूत पेश करके सारी दुनिया को तल्ख तथ्यों से अवगत कराया गया है कि विगत 36 वर्षों से पाकिस्तान प्राक्सी वार द्वारा भारतीय कश्मीर को हथियाने के लिए निरंतर कितनी नृशंस आतंकवादी वारदातें अंजाम देता रहा है।

कश्मीर विवाद पर तीसरे देश की मध्यस्थता

भारत और पाकिस्तान दोनों ऐसे पड़ोसी मुल्क हैं, जिनके मध्य सैन्य संघर्षों की तल्खी वर्ष 1947 से बनी रही है। दोनों देशों के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े जा चुके हैं। सैन्य तनाव के विकट हालात में अन्य देशों की सक्रियता बाकायदा बनी रही है। पाकिस्तान तो सन् 1947 से सदैव यह चाहता रहा कि कश्मीर विवाद पर कोई तीसरा देश मध्यस्थता करें। पाकिस्तान की फौज ने 22 अक्टूबर सन् 1947 में जब जम्मू कश्मीर रियासत पर कबायली नकाब धारण करके आक्रमण अंजाम दिया था तो पाकिस्तानी फौज के विरुद्ध अपनी विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को युद्ध विराम का यकायक आदेश देकर दुर्भाग्य से तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को कश्मीर विवाद पर मध्यस्थता के तौर पर लाया गया। जनरल अयूब खान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत अंजाम दिए गए सन् 1965 के भारत पाक युद्ध के दौर में भारत द्वारा सोवियत यूनियन को मध्यस्थ बनाया गया। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने स्पष्ट रणनीति अख्तियार की कि किसी भी देश को मध्यस्थ नहीं बनाया जाएगा। आज के दौर में भी भारत की स्पष्ट सैन्य रणनीति है कि हम इंटरनेशनल ओपिनियन की जरा सी भी परवाह किए बिना पाकिस्तान को उसके द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का वाजिब प्रति उत्तर देंगे।

पाक के प्रॉक्सी वॉर का समुचित जवाब

अक्षय तृतीया के दिन इंडस्ट्री-वाइड आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में औसत इम्पैक्ट कॉस्ट 20 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) रही। हालांकि, कुछ प्रमुख ईटीएफ में यह लागत सिर्फ 2 बीपीएस तक ही रही। सिल्वर ईटीएफ में औसतन इम्पैक्ट कॉस्ट 32 **bps** रही, लेकिन सबसे ज्यादा लिक्विड ईटीएफ में यह घटकर लगभग 3 बीपीएस तक आ गई। हाई लिक्विडिटी से ईटीएफ अपने अंडरलाइन एसेट प्राइस को बेहतर तरीके से ट्रैक करते हैं, जिससे निवेशकों को ज्यादा सटीक एक्सपोजर मिलता है।

क्या पोर्टपोलियो में गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ शामिल करना चाहिए

हालांकि गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इनकी भूमिका पोर्टफोलियो में एकदम खास होती है। वैल्यू रिसर्च इसे विस्तार से समझाता है।

■ डाइवर्सिफायर (विविधता लाने वाले एसेट): ऐतिहासिक रूप से गोल्ड और सिल्वर का इक्विटी मार्केट से कम संबंध होता है। इस वजह से ये पोर्टफोलियो में जोखिम को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

■ बेशकीमती धातु (प्रेशियस मेटल्स): आमतौर पर महंगाई बढ़ने या भू-राजनीतिक तनाव के समय बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, ये एसेट ग्रोथ देने वाले प्रमुख निवेश विकल्प नहीं माने जाते।

■ लॉन्ग टर्म में इक्विटी ने गोल्ड और सिल्वर दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है। उदाहरण के तौर पर, पिछले एक दशक में गोल्ड ने औसतन 7-8% सालाना रिटर्न दिया है, जबकि इक्विटी मार्केट ने करीब 12-14% सालाना रिटर्न दिया है।

■ सिल्वर की बात करें तो उसमें थोड़ा अलग ट्रेंड देखा जाता है, क्योंकि यह आंशिक रूप से एक इंडस्ट्रियल मेटल भी है। इसलिए इसकी कीमतें मैन्युफैक्चरिंग डिमांड और निवेशकों की धारणा दोनों से प्रभावित होती हैं। यही वजह है कि सिल्वर ईटीएफ थोड़े ज्यादा वोलाटाइल हो सकते हैं, लेकिन जो निवेशक जोखिम समझते हैं उनके लिए यह एक दिलचस्प डाइवर्सिफायर बन सकता है।

पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां को दे सकते हैं कुछ खास तोहफे

इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां के लिए कुछ खास प्लान कर सकते हैं। कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा, बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप अपनी मां को भेंट कर सकते हैं।

मदर्स डे यानी मां के नाम एक खास दिन। इस बार 11 मई, रविवार को हम सब अपनी मां के लिए कुछ खास करने की तैयारी में हैं। ये दिन हर उस मां के लिए समर्पित होता है जो अपने बच्चों की तरक्की के लिए बिना थके, बिना किसी उम्मीद के लगातार योगदान देती हैं। इस दिन बच्चे अपनी मां को खुश करने के लिए उन्हें सरप्राइज गिफ्ट देते हैं, बाहर खाना खिलाने ले जाते हैं या फिर घर पर खुद खाना बनाते हैं। लेकिन इस बार आप मां को कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप मदर्स डे पर अपनी मां को भेंट कर सकते हैं। अगर आप इस बार एक समझदारी भरा और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो फाइनेंशियल गिफ्ट्स पर जरूर सोचें। ये गिफ्ट्स मां को टैक्स बचाने, बेहतर रिटर्न पाने और हेल्थ कवर जैसे फायदे भी दे सकते हैं।

1. पीपीएफ (पब्लिक प्रॉविडेंट फंड)

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) एक सुरक्षित और टैक्स बचत वाली स्कीम है, जिसमें हर वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये तक निवेश किया जा सकता है। इसमें खाता खुलने के तीसरे साल से छठे साल तक लोन की सुविधा मिलती है, जबकि सातवें साल से हर साल आंशिक निकासी की अनुमति भी होती है। ऐसे में यह खाता 15 साल में मैच्योर होता है, लेकिन इसे 5-5 साल के ब्लॉक में जितनी बार चाहें बढ़ाया जा सकता है। परिपक्वता के बाद बिना नया निवेश किए भी खाता चालू रखा जा सकता है और ब्याज मिलता रहेगा। खाते में जमा राशि पर आयकर की धारा 80-सी के तहत टैक्स छूट मिलती है और ब्याज पूरी तरह टैक्स फ्री होता है (धारा 10)। साथ ही, इस खाते की राशि कोर्ट के किसी आदेश से जब्त नहीं की जा सकती।

2. फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)

मां को आप फिक्स्ड डिपॉजिट का गिफ्ट भी दे सकते हैं। इसमें सालाना 6-7% ब्याज मिलता है। हालांकि ब्याज पर टैक्स लगता है, लेकिन अगर आपकी मां वरिष्ठ नागरिक हैं और उनकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो वो फॉर्म 15जी/15एच भरकर टीडीएस से छूट ले सकती हैं। यह भी मां के लिए एक खास गिफ्ट हो सकता है।

3. हेल्थ इंश्योरेंस

अगर आपकी मां के पास पहले से एक हेल्थ पॉलिसी है, तब भी आप उन्हें एक अतिरिक्त हेल्थ कवर गिफ्ट कर सकते हैं। मान लीजिए उनके पास 5 लाख की पॉलिसी है और आप उन्हें 5 लाख रुपये की एक और पॉलिसी गिफ्ट करते हैं, तो उनका कुल मेडिकल कवर 10 लाख रुपये हो जाएगा। यह गिफ्ट मात्र 6,000 से 10,000 रुपये के बीच में मिल सकता है। इससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंता खत्म होगी।

बिजनेस साइट

प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट 'विंड चाइम्स' में आयोजित आवासीय मेला को मिल रहा शानदार रिस्पांस

एचएम इंफ्राटेक और अष्टविनायक रियल्टीज के द्वारा आयोजित आवासीय मेला का आज अंतिम दिन

स्पॉट बुकिंग पर निश्चित उपहार

रायपुर। राजधानी रायपुर के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर एचएम इंफ्राटेक और अष्टविनायक रियल्टीज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आवासीय मेला के दूसरे दिन प्रॉपर्टी बायर्स का शानदार रिस्पांस मिला। लोगों ने साइट विजिट कर स्पॉट बुकिंग की और आकर्षक ऑफर्स का लाभ लिया। यह मेला 9 मई से 11 मई तक सड्डू स्थित विधानसभा रोड, अम्बुजा मॉल के पास अष्टविनायक रियल्टीज के प्रोजेक्ट 'विंड चाइम्स' में आयोजित किया गया है। यह प्रोजेक्ट शहर की प्रीमियम लोकेशन पर स्थित है यहां से मॉल, एजुकेशनल हब और प्रमुख हॉस्पिटल्स नजदीक है, जिससे इसकी कनेक्टिविटी बेहद सुलभ है। 'विंड चाइम्स' प्रोजेक्ट में कुल 77 फ्लैट्स आधुनिक सुविधाओं के साथ उपलब्ध हैं। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कवर्ड पार्किंग की सुविधा है। इसके ऊपर सेकंड फ्लोर से फ्लैट्स की शुरुआत होती है। प्रत्येक फ्लोर में कुल 11 फ्लैट्स बनाए गए हैं और चार हाई-स्पीड लिफ्ट्स की व्यवस्था की गई है। यहाँ 2 बीएचके, 3 बीएचके और विशेष रूप से डिजाइन किए गए 4 बीएचके स्काय विला उपलब्ध हैं। सभी फ्लैट्स में डिजिटल लॉक जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधा भी शामिल की गई है। प्रोजेक्ट में ग्रैंड एंट्रेंस गेट के साथ क्लब हाउस, पोडियम गार्डन, मंदिर, योगा रूम, जिम और किड्स प्ले एरिया जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह प्रोजेक्ट टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृत है और रेरा में भी पंजीकृत है, जिससे ग्राहकों को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा का भरोसा मिलता है। सीएमडी संतोष लोहाना ने बताया कि मेले में स्पॉट बुकिंग करने पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार मिल रहे हैं। साथ ही लकी ड्रा के जरिए सोने का सिक्का जीतने का अवसर भी है। हर साइट विजिट करने वाले विजिटर्स को निश्चित उपहार दिए जा रहे हैं। इसके अलावा बैंक फाइनेंस की सुविधा भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

तीरंदाजी विश्व कप : कम्पाउंड वर्ग में भारतीय दल ने रचा इतिहास

मधुरा वर्ल्ड चैंपियन, जीते स्वर्ण-रजत और कांस्य, भारत ने जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

खास रहा व्यक्तिगत स्वर्ण

मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाए और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया।

शानदार शुरुआत

मधुरा क्वालीफायर्स में तीसरे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर थी। उन्होंने अपने अभियान के दौरान तुर्की की विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी हेजल बुरुन को शिकस्त दी। मधुरा ने दो बार की विश्व कप टीम पदक विजेता को 143-141 से मात दी थी। मधुरा ने इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

महिला तिकड़ी की चांदी

ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीतने के साथ पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत की।

पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण

इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण जीता। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

ऋषभ ने कांस्य पर साधा निशाना

ऋषभ ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो को हराया। भारतीय खिलाड़ी का शूटआउट में 10 अंक वाला निशाना केंद्र के करीब था। इस 22 साल के भारतीय खिलाड़ी का यह विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है। वह इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर से 144-147 से हार गए थे।

त्रिकोणीय श्रृंखला : फाइनल में भारतीय महिला टीम के सामने आज श्रीलंका की चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

गिल-पंत टेस्ट टीम की कप्तानी के लिए तैयार

नई दिल्ली। प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नए उप-कप्तान होंगे। उप-कप्तान का चयन सरल लगता है क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है

और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी श्रृंखला के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं तो उन्हें उप-कप्तानी की पेशकश करने का कोई मतलब नहीं है। 'क्रिकेट जगत जहां करिश्माई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा से हैरान है तो वहीं पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में उन्हें कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके।

अनाहत-अभय का विश्व स्क्वाश में जीत से आगाज

एजेंसी ▶▶| शिकागो

भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने यहां दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए शुक्रवार को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की।

अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फ़ायरोज़ अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज़ को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया।

विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया। अभय सिंह का अगला मुकाबला मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा।

यूएई की पूरी टीम रिटायर आउट फिर भी कतर को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम ने शनिवार को कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले के दौरान अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट किया। यूएई ने कतर के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और 16 ओवर में 192 रन बनाए। जवाब में कतर की पूरी टीम 29 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूएई ने यह मुकाबला 163 रनों से जीता।

रिटायर आउट का फैसला

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने पहले विकेट के लिए 192 रनों की साझेदारी की। यूएई के लिए यह स्कोर काफी साबित हुआ क्योंकि कतर की टीम कोई चुनौती भी पेश नहीं कर सकी। यूएई के लिए ईशा ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर 14 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 113 रन बनाए। वहीं, तीर्था ने 42 गेंदों पर 11 चौकों के सहारे 74 रन बनाए।

आईपीएल टलने के बाद लौटे विदेशी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए।

जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। इस बीच बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि हालात की व्यापक समीक्षा के बाद टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम और वेन्यू की जानकारी दी जाएगी। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट , जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं।

टीमों ने जारी किया बयान

आरसीबी ने बयान में कहा, 'हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के सहयोग के लिए शुक्रगुजार हैं।' लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं जबकि कुछ अभी भारत में ही रुकेंगे। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी अपने अपने गंतव्य को चले गए हैं। सूत्र के अनुसार केकेआर के खिलाड़ी हैदराबाद से चले गए हैं जहां उन्हें शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना था। धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द होने के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अलग अलग बैच में होशियारपुर से जालंधर रेलवे स्टेशन लाया गया था। इसके बाद विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस से उन्हें दिल्ली लाया गया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना: बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **''जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है''** के आधार पर दिनांक **30.05.2025** समय **(प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

क्र.	उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम	सपत्तियों का विवरण	बकाया राशि (रू.)	आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि
01	1. श्री दवेन्द्र पाल सिंह कांडा पुत्र इंद्रजीत सिंह कांडा, 2. श्री इंद्रजीत सिंह कांडा पुत्र स्व. सुच्चा सिंह कांडा, 3. श्रीमती रणजीत कौर कांडा पत्नी श्री इंद्रजीत सिंह कांडा. शाखा: सिविक सेंटर भिलाई	स्वामित्व- श्री इंद्रजीत सिंह कांडा पिता- स्व. सुच्या सिंह कांडा एवं श्रीमती रणजीत कौर कांडा पति- श्री इंद्रजीत सिंह कांडा, तरूण टॉकीज के पास, संतरा बाड़ी, वार्ड नं. 26, जिला- दुर्ग, छ.ग, क्षेत्रफल- 1102 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट मकान नं. 185.	₹ 33.41 लाख + ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 40.00 लाख ₹ 4.00 लाख ₹ 0.50 लाख
02	श्रीमती सरिता अग्रवाल शाखा: सिंधिया नगर	खसरा नं. 122/376 (122/72 का भाग), मौजा- तितुरडीह (दीपक नगर अंदर क भाग), पीसी नं. 52, आरआईसी- दुर्ग 1, तहसील व जिला- दुर्ग, में स्थित आवासीय संपत्ति।	₹ 61.10 लाख + 01.01.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 36.00 लाख ₹ 3.60 लाख ₹ 0.40 लाख
03	1. मेसर्स एल. एस. सेल्स, पार्टनर्स- श्री आशीष सहबानी, श्रीमती वर्षा सहबानी पत्नी आशीष साहबानी, श्रीमती जया साहबानी पत्नी प्रकाश साहबानी। गारंटर- श्री प्रकाश सहबानी, दुर्ग, छ.ग. 491001. शाखा- दुर्ग स्टेशन रोड	श्री प्रकाश शाहबानी एवं श्री अशीष कुमार शाहबानी के नाम पर खसरा नं. 18/32, पीसी नं. 15/20, तितुरडीह (सिंधिया नगर), वार्ड नं. 21, प्लॉट नं. 3, तहसील/ जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 2800 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन।	₹ 36,01,733.00 + 02.05.2021 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 90.00 लाख ₹ 9.00 लाख ₹ 1.00 लाख
04	मेसर्स प्लूटस स्पेक्ट्रम प्राईवेट लिमिटेड, श्री राज्यवर्धन देवांगन (निदेशक) पुत्र श्री राजकुमार देवांगन, 3. श्रीमती स्मृति देवांगन (निदेशक) श्री राजकुमार देवांगन शाखा: पंडरी यूएमएफबी	मेसर्स प्लूटस स्पेक्ट्रम प्रा.लि. के नाम पर ख. नं 42/1-8 (पुराना) ऑनलाइन भुइयां डायवर्टेड ख. नं 42/1 (नया) वार्ड नंबर 51, रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, प.ह.नं 00070 आरआईसी रायपुर-II, क्षेत्रफल 0.291 हेक्टेयर अर्थात 31311 वर्ग फुट में स्थित खुली भूमि की ईएमडी।	₹ 3,12,25,000 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 625.00 lacs ₹ 62.50 lacs ₹ 6.25 lacs
05	श्रीमती पारूल पटेल पत्नी श्री आशीष पटेल, श्री आशीष पटेल सह- आबद्ध श्री राकेश लेखवानी पुत्र श्री श्यामलाल लेखवानी. शाखा: राजनांदगांव	पारुल पटेल के नाम पर खसरा नं. 240/51 से 365/51, वार्ड नं. 20, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, गली नं. 8, राजनांदगांव, लालबाग, सिंधी कालोनी में स्थित आरसीसी रुफ आवासीय भवन।	₹ 24,82,000.00/- + 01.04.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 30.13 लाख ₹ 3.02 लाख ₹ 0.30 लाख
06	1. अ. श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय 1. ब. श्री पवन कुमार पाण्डेय शाखा: चरोदा	ख.नं. 547, 549, आरआईसी- भिलाई 3, ब्लॉक एवं तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड उमदा क्षेत्रफल- 83.62 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान एलआईजी- 04.	₹ 10,02,000.00 + 01.01.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 15.00 लाख ₹ 1.50 लाख ₹ 0.15 लाख

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।

ई-नीलामी की तिथि व समय: 30.05.2025, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट http://www.baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: क्र. 01 के लिए: श्री अर्नब घोष/ मोबा. 9769306558, क्र. 02 के लिए: श्री समीर होता/ मोबा. 8018337533, नं. 03 के लिए: श्री गौरव मिश्रा/मोबा. 7800002186, नं. 04 के लिए: प्रदीप थवाईत/मोबा. 9406455999, 05 के लिए: श्री गौरव रोकड़े/मोबा. 9284013315 एवं 06 के लिए: श्री सुनील मौर्य/ मोबा. 9919175656.

उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांक: 10.05.2025, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **28/05/2025** व **15/06/2025** को **11.00** बजे से दोपहर **4.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **29/05/2025** एवं **16/06/2025, 4.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 29/05/2025** एवं **16/06/2025** को सुबह **11.00 बजे** से उपरान्ह **4.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 28/05/2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 29/05/2024

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
01	Balod Branch Mr. Avinash Sahu (7967081547)	भवानी मुरमुरा उद्योग	₹ 21.8 Lakh सांकेतिक कब्जा	18.10.2023 10.01.2024	संपत्ति के मालिकः श्री रोहित कुमार पुत्र श्री डमरू राम, ख.नं. 240/3 व 240/4, प.ह.नं. 09, ग्राम-पोस्टः नेवारीकला, तहसील व जिला- बालोद स्थित भूमि एवं औद्योगिक शेड भवन। क्षेत्रफल- 14810 वर्गफीट	3066000/- 306600/- 25000/-
02	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं एएएस इंटरप्राईजेस	₹ 4.50 Lakh सांकेतिक कब्जा ₹ 27.05 Lakh सांकेतिक कब्जा	16.11.2021 11.02.2022 16.11.2021 11.02.2022	संपत्ति के मालिकः श्रीमती अर्चना सिंह, ख. नं. 553/1, 553/2, 554, 555, 556/1, 556/3, प.ह.नं. 109, मोवा, जिला-रायपुर छ.ग. छठवीं मंजिल, श्री कर्षण हेरिटेज, दलदल सिवनी, मोवा रायपुर छ.ग. स्थित आवासीय फ्लैट नं. 604. क्षेत्रफल- 1115 वर्गफीट	2208000/- 220800/- 25000/-
03	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	अनमोल धर्मकांटा एवं श्री राधे इंडस्ट्रीज,	₹ 9.12 Lakh + उस पर लागू ब्याज भौतिक कब्जा	03.02.2020 07.09.2020	संपत्ति के मालिकः मेसर्स अनमोल धर्मकांटा, प्रोप. श्री गौरव शुक्ला एवं श्रीमती मंजुला शुक्ला, प्लॉट नं. 32 का भाग, जोन 'सी' इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, बोराई, ग्राम- रसमड़ा, जिला- दुर्ग. क्षेत्रफल- 1614 वर्गफीट	17,51,000/- 1,75,100/- 25000/-
04	Dhamtari Branch Mr. Mohit Sahu (9986836722)	यमुना सिन्हा	₹ 8.09 Lakh सांकेतिक कब्जा	06.02.2023 13.06.2023	संपत्ति के मालिकः यमुना सिन्हा पत्नी- श्री मन्नु लाल सिन्हा, ख.नं. 720, प.ह.नं. 52, ग्राम- निपनी, तहसील- निपनी, जिला- दुर्ग- 491227. क्षेत्रफल- 2050 वर्गफीट	952000/- 95200/- 25000/-
05	Maroda Branch Mr. Rahul kosta (9669985860)	श्रेया सिन्हा	₹ 36.27 Lakh भौतिक कब्जा	13.04.2023 15.06.2023	संपत्ति के मालिकः श्री मलय चन्द्र पुत्र- श्री लालजी प्रसाद, ख..नं. 316, प.ह.नं. 15/21, भूतल, ब्लॉक नं. इ4, चौहान टाउन, जुनावानी, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 03. क्षेत्रफल- 1195 वर्गफीट.	3190000/- 319000/- 25000/-
06	Jagdalpur Branch (2579) Mr. Akash Choubey (7008173645)	कशीश जनरल फैंसी	₹ 7.55 Lac + अप्रयुक्त ब्याज सांकेतिक कब्जा	01.05.2024 29.07.2024	स्वामित्व- गौरी शंकर साव पुत्र- नीलकंठ साव मेन रोड, प्रतापगंज पारा, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) भूतल में स्थित एक मंजिला भवन। भूमि क्षेत्र- 886.78 वर्ग फुट. निर्मित क्षेत्र- 1000 वर्ग फुट.	23,38,2000/- 23,38,200/- 25,000/-
07	Jagdalpur Branch (2579) Mr. Akash Choubey (7008173645)	लवी कलेक्शन	₹ 7.96 Lac सांकेतिक कब्जा	01.05.2024 29.07.2024		
08	Bhilai Sector-1 Branch (0125) Mr. Shubash (7873742962)	नेहा मिश्रा	₹ 16.05 Lakh + अप्रयुक्त ब्याज सांकेतिक कब्जा	25.05.2024 06.08.2024	स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा, ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट। क्षेत्रफल- 598 वर्गफीट	20,80,000/- 2,08,000/- 25,000/-
09	Naya Raipur Branch Mr. Vinod Kumar (8461903247)	श्री कुलदीप सिंह गिल	₹ 19.80 Lakh + उस पर लागू ब्याज सांकेतिक कब्जा	09.04.2024 26.06.2024	संपत्ति के मालिक- श्री कुलदीप सिंह गिल, ब्लॉक 3, एमआईजी फ्लैट हिमालयन हाइट्स (फेस-I), तीसरी मंजिल, जनरल आवास, डुमरतराई, रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी 58. क्षेत्रफल- 774.74 वर्गफीट	15,69,000/- 1,56,900/- 25000/-
10	TELIBANDHA Branch Mr. Dilip Kumar Sahu 7008516101	मेसर्स राणी सती स्टील बेग्स	₹ 35.35 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	16.10.2024 14.01.2025	संपत्ति के स्वामी- श्रीमती बबली गोयल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल, ख. नं. 636/2, 641/2, 636/11 एवं 641/11, प.ह.नं. 110, प्रथम मंजिल, गोकुल अपार्टमेंट, महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, मौजा- शंकर नगर, गायत्री नगर, आरएनएम- रायपुर स्थित फ्लैट नं. जी।	34,88,000/- 3,48,800/- 25000/-
11	TELIBANDHA Branch Mr. Dilip Kumar Sahu 7008516101	श्री धरम सिंह	₹ 20.02 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	16.10.2024 14.01.2025	संपत्ति के मालिक- श्री धरम सिंह एवं लखविंदर कौर, ख.नं. 238/1, 579/2, 482/1579/2, 482/4, 481, 482/7, पीसी नं. 103, म. नं. एलआईजी- 1/724, एसएलआईसी- द्वितीय और 1/725, स्लाइस- II, वीर सावरकर नगर, वार्ड नं. 01, हीरापुर, हाउसिंग बोर्ड, योजना रायपुर, जिला-रायपुर छ.ग. क्षेत्रफल- 1923.88 वर्गफीट	46,16,000/- 4,61,600/- 25000/-
12	BHILAI SECTOR-I Branch Mr. Subhash 9805510068	श्री बलजिंदर सिंह सैनी एवं श्री जसजीत सिंह सैनी	₹ 7.23 Lakh ₹ 13.28 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	16.11.2024 11.02.2025	संपत्ति विवरण- ख.नं. 77/79, प.ह.नं. 19/23, प्लॉट नं.ए- 03, आनंद विहार कॉलोनी, फेस -3, बोरसी, जिला- दुर्ग. छ.ग. स्थित आवासीय भूमि एवं भवन।	29,00,000/- 2,90,000/- 25000/-
13	Baloda Bazar Branch Mr. Sudama Roy (7751067350)	श्री राहुल टिबरेवाल	₹ 13.94 Lakh + उस पर लागू ब्याज सांकेतिक कब्जा	31.01.2024 22.04.2024	संपत्ति के मालिक- श्रीमती श्रुति टिबरेवाल पत्नी श्री राहुल टिबरेवाल, खसरा नं. 311/2, प.ह.नं. 11, ब्लॉक-ए, तीसरी मंजिल, कृष्णा अपार्टमेंट, बलौदा बाजार, भाटापारा में स्थित फ्लैट नं. 06. क्षेत्रफल- 653 वर्गफीट	17,10,000/- 1,71,000/- 25000/-

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 15/06/2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 16/06/2024

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
14	D.D. Nagar Raipur Mr. Ritesh Sharma (9893732731)	श्री दीपक साहू	₹ 29.82 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	27.12.2024 05.03.2025	स्वामित्व- श्री दीपक साहू पुत्र श्री भुवनेश्वर साहू, गली नं. 2, रावतपुरा कॉलोनी, फेज 1 कॉलोनी, मठपुरैना, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित आवासीय भवन। भूमि क्षेत्र- 800 वर्ग फुट. निर्मित क्षेत्र- 472 वर्ग फुट.	30,93,000/- 3,09,300/- 25000/-
15	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	श्री एम.पंकज	₹ 4.12 Lakh ₹ 2.73 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	03.05.2024 23.08.2024	संपत्ति के मालिक- श्री एम. वंदना देवी पत्नी श्री रमेश बाबू, वार्ड नं. 22, भिलाई, प्लॉट नं.-25 ब्लॉक नं.-46, वार्ड नं.-22, मदर टेरेसा नगर, भिलाई, जिला- दुर्ग में स्थित भूतल+1 आवासीय भवन। भूमि क्षेत्र- 435.78 वर्ग फुट. निर्मित क्षेत्र- 522.94 वर्ग फुट.	15,88,000/- 1,58,800/- 25000/-
26	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	मेसर्स सन उद्योग	₹ 34.76 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	05.11.2022 10.01.2023	मेसर्स सन उद्योग की प्लांट और मशीनरी संपत्ति, प्लॉट नं.-143, इंजीनियरिंग पार्क, एचआईए हथखोज, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.)	9,78,000/- 97,800/- 25000/-
07	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	मेसर्स आर्य मेटल	₹ 34.48 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	05.11.2022 10.01.2023	1. मेसर्स आर्य मेटल्स की प्लांट और मशीनरी संपत्ति, प्लॉट नं.-157 इंजीनियरिंग पार्क, एचआईए हथखोज, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. प्लॉट नं.-157 इंजीनियरिंग पार्क, भारी औद्योगिक क्षेत्र, हथखोज, भिलाई तहसील और जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित औद्योगिक भूमि और शेड।	29,86,000/- 2,98,600/- 25000/-
18	Palari Branch Mr. Prashant Kumar Naik (8018829656)	मेसर्स ओम ट्रेडर	₹ 21.97 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	03.05.2024 23.08.2024	संपत्ति के मालिक- श्री बसावन लाल पुत्र श्री जेठूराम, वार्ड नं.12, शांति नगर, पल्लारी, जिला- बलौदा बाजार छ.ग. में स्थित एक आवासीय मकान। भूमि क्षेत्र- 2153 वर्ग फुट. निर्मित क्षेत्र- 1674 वर्ग फुट.	23,15,000/- 2,31,500/- 25000/-
19	Baloda Bazar Branch Mr. Sudama Roy (7751067350)	मेसर्स चैतन्य	₹ 16.22 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	02.01.2025 28.03.2025	संपत्ति के मालिक- श्री सरलता सचदेव पत्नी हरीश सचदेव, फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 15, तीसरी मंजिल, ख. नं. 446/2 (भाग) प.ह.नं. 37, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 36 मॉल के पीछे, विधायक कॉलोनी रोड, डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड -6, मौजा- पुरेना तह. व जिला- रायपुर में स्थित संपत्ति। क्षेत्र- 321.61 वर्ग फुट	10,45,000/- 1,04,500/- 25000/-
20	Baloda Bazar Branch Mr. Sudama Roy (7751067350)	श्री विवेक मिश्रा	₹ 5.16 Lakh + ब्याज सांकेतिक कब्जा	20.12.2024 21.02.2025	संपत्ति के मालिक- श्री विवेक मिश्रा पुत्र श्री राजकिशोर मिश्रा, खसरा नं.- 1572/177, प्लॉट नं. -15, लोहिया रोड के पास, कैलाश नगर, वार्ड नं. -16, मौजा- कुरुद, भिलाई, जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित संपत्ति। भूमि क्षेत्र- 1800 वर्ग फुट. निर्मित क्षेत्र- 1800 वर्ग फुट.	31,74,000/- 3,17,400/- 25000/-

ई-नीलामी तिथि एवं समयः 29/05/2025 एवं **16/06/2025** सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 28/05/2025** व **15/06/2025**, दोपहर 1.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक, बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://ebkray.in** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें, भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से **9937140058** पर भी संपर्क कर सकते हैं।

यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15/30 दिनों की नोटिस भी है।

दिनांक : 10.05.2025 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

रोचक खबरें



कश्मीरी नीलम से सजी दुर्लभ हीरे की अंगूठी की होगी नीलामी, करोड़ों में है कीमत

नई दिल्ली। कश्मीर भारत की ऐसी नायाब जगह है, जिसकी तुलना स्वर्ग से की जाती है। यह स्थान न केवल अपनी सुंदरता और प्राकृतिक नजारों के लिए मशहूर है, बल्कि इसकी संस्कृति भी रोचक है। इसी कड़ी में अब कश्मीर की एक नायाब अंगूठी की नीलामी का आयोजन करवाया जा रहा है। इस अंगूठी में एक खूबसूरत और दुर्लभ नीलम हीरा लगा हुआ है, जिसके कारण इसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपये से ज्यादा तय की गई है। यह अंगूठी 1940 के आस-पास बनाई गई थी, जिस पर लगा नीलम 6.22 कैरेट का है। नीलामीघर का अनुमान है कि इस नायाब अंगूठी की कीमत 1.35 करोड़ रुपये से लेकर 2.25 करोड़ रुपये के बीच लग सकती है। यह 'एडम्स फाइन ज्वैलरी और लेडीज वॉचेस' नामक नीलामी का हिस्सा है, जिसे हासिल करने के लिए 13 मई को बोली लगाई जा सकेगी।

आयरलैंड में होगी नीलामी

नीले रंग के बेशकीमती नीलम से सजी इस अंगूठी की नीलामी आयरलैंड में आयोजित की जाएगी। यह रत्न एक यूरोपीय स्टाइल की हीरे की अंगूठी में जड़ा हुआ है, जो लंबे समय से एक निजी फ्रांसीसी संग्रह की शोभा बढ़ा रही थी। हाल ही में इसे कश्मीरी नीलम के रूप में प्रमाणित किया गया है।

गुस्से से लाल हो गया ह्यूमनॉइड रोबोट अचानक करने लगा कर्मचारियों पर हमला

नई दिल्ली। मानव के जैसे दिखने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट का आविष्कार जीवन को आसान बनाने के लिए किया गया था। अब वे मानवीय भावों की नकल करने में सक्षम हैं, जिसके लिए वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हैं। वैसे तो वे सभी कामों को आसान बनाते हैं, लेकिन क्या हो अगर आपकी सहूलियत के लिए लाया गया रोबोट आप पर ही गुस्सा निकालने लगे? ऐसा ही चीन की एक फैक्ट्री में हुआ, जहां रोबोट के गुस्से का बांध टूट गया। चीन की एक अज्ञात फैक्ट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक काले रंग का ह्यूमनॉइड रोबोट एक क्रेन से लटका हुआ है। वह अचानक अपने पास बैठे कर्मचारियों पर भड़क जाता है और उन्हें मारने के लिए उनपर हमला कर देता है। यह दृश्य बिलकुल ट्रांसफार्मर जैसी फिल्मों जैसा लगता है, जिनमें रोबोट मानवों पर हावी हो कर तबाही मचाने लगते हैं। इस वीडियो को अब तक 1 लाख लोगों ने देख लिया है। वीडियो में दिखाई देता है कि 2 कर्मचारी आपस में बात-चीत कर रहे होते हैं। तभी अचानक रोबोट का गुस्सा भड़क जाता है और वह अपने हाथ पैर चलाना शुरू कर देता है। वह अपने शरीर को आगे की ओर खींचता है, जिससे उसे कैरी करने वाली क्रेन भी हिल जाती है। इसके बाद, दोनों कर्मचारी डर के मारे पीछे हटते दिखाई देते हैं। इस पूरे प्रकरण के दौरान रोबोट के सामने एक छोटी टेबल भी रखी हुई थी। उसके गुस्से के प्रकोप के कारण टेबल पर रखा लैपटॉप सीधे जमीन पर जा गिरता है।



16 साल में पहली बार, तय समय से 4 दिन पहले मानसून!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर एक जून को दस्तक देता है। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, यदि मानसून केरल में उम्मीद के अनुरूप पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून का समय से पहले आगमन होगा। तब मानसून ने 23 मई को दस्तक दी थी। भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा तब की जाती है जब यह केरल पहुंचता है, आमतौर पर एक जून के आसपास। दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस हो जाता है। मानसून पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में आया था, 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल आया था। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के आगमन की तिथि और पूरे देश में इस मौसम में होने वाली कुल वर्षा के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिकारी ने कहा, केरल में मानसून के जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह पहुंचेगा। यह बड़े पैमाने पर परिवर्तनशीलता और वैश्विक, क्षेत्रीय और स्थानीय स्थितियों पर निर्भर होता है।

आईएमडी के अनुसार मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना

सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून में सामान्य से अधिक कुल वर्षा का पूर्वानुमान जताया था। अल नीनो परिस्थितियों की संभावना को खारिज कर दिया था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से जुड़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने कहा था, भारत में चार महीने के मानसून (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

टूटेगा रिकॉर्ड

मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा, जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

1972 में सबसे देरी से केरल पहुंचा था मानसून

आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था।

दुनिया के वो छः ऐसे स्थान जहां महिलाओं का प्रवेश वर्जित

नई दिल्ली। आज के समय महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से बराबरी कर रही हैं। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाओं ने अपना नाम नहीं बनाया है। आज उन्हें हर जगह सम्मानित किया जाता है, लेकिन आप जानते हैं कि आज दुनिया में कुछ जगहें हैं जहाँ महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है। यहाँ कोई भी महिला नहीं जा सकती। ऐसे कुछ कुछ स्थान भारत में भी हैं। तो चलिए दुनिया के 6 स्थानों के बारे में जानते हैं जहां महिलाओं का प्रवेश निषेध हैं।

ईरानी स्पोर्ट्स स्टेडियम

इस सूची में पहला नाम ईरानी स्पोर्ट्स स्टेडियम का है जहाँ चाहें तो भी महिलाएं जा नहीं सकती।

उन्हें यहां आने से मना किया गया है। 1979 की क्रांति के बाद महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तत्कालीन ईरानी सरकार का मानना था कि महिलाएं पुरुषों को शॉर्ट्स में खेलते हुए देखती हैं, यह सही नहीं है। अक्सर पुरुष खेल के दौरान अपवित्र भाषा का भी उपयोग करते हैं, इस तरह महिलाओं की उपस्थिति में ऐसी भाषा का उपयोग किया जाना उचित नहीं है।

कार्तिकेय टेम्पल, इंडिया

राजस्थान के पुष्कर शहर में एक मंदिर भी है जहां महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इस मंदिर का नाम कार्तिक्य मंदिर है। वह भगवान कार्तिकेय को समर्पित है। उनकी ब्रह्मचर्य को यहां दिखाया गया है। यह कहा जाता है कि अगर कोई महिला गलती से यहां आती है, तो उसे श्राप लग जाता है। इस डर के कारण, कोई भी महिला मंदिर के अंदर नहीं जाती।

बर्निंग ट्री क्लब, यूएस

अमेरिका में एक अनोखा गोल्फ क्लब है जिसे बर्निंग ट्री कंट्री कहा जाता है। यह शौक के लिए बनाया गया है। केवल पुरुष यहां आ सकते हैं। चूंकि क्लब बहुत प्रसिद्ध है, इसलिए राष्ट्रपति से जज के राष्ट्रपति भी गोल्फ खेलने के लिए आते हैं, इसलिए यहां महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सबरीमला, केरल

भारत के केरल के सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

भगवान के ब्रह्मचर्य रूप को समर्पित इस मंदिर की चर्चा बहुत बार होते रही हैं लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है। इस मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाएं प्रवेश नहीं कर सकती हैं।

माउंट एथोस, ग्रीस

ग्रीस का माउंट एथोस बहुत सुंदर है। अजीब बात यह है कि 1000 साल पहले यहां महिलाओं के प्रवेश को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया था। महिलाएं किसी भी रूप में यहां नहीं आ सकती हैं। इसका मतलब है कि भले ही कोई जानवर ही क्यों न हो, वह नहीं आ सकती। केवल 100 रूढ़िवादी और 100 गैर-रूढ़िवादी पुरुष यहां आ सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महिलाओं के आगमन के कारण, यहां के गुरुओं के ज्ञान का मार्ग धीमा हो जाता है।

ओकिनोशिमा द्वीप, जापान

जापान का पवित्र द्वीप ओकिनोशिमा यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में भी शामिल

किया गया है। शिंटो परंपरा के कारण महिलाएं यहां नहीं आ सकती हैं। शिंटो परंपरा बौद्ध धर्म, गोपनीयता, ताओवाद और चीन का एक संयोजन है।

निराशाजनक परिणाम के चलते हटाए गए डीईओ सावंत, लहरे आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बोर्ड परिक्षाओं में जिले का निराशाजनक परफार्मेंस के चलते जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत को सीएम साय ने तत्काल हटाए जाने की कार्रवाई की अनुशंसा की। जिसके बाद राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। बता दें कि 12 वीं बोर्ड में महासमुंद जिला राज्य में 12 वें स्थान में वहीं 10 वीं बोर्ड में जिला 17 वें स्थान पर रहा। केवल दो छात्र ही दसवीं की प्रावीण्य सूची में 7 वें क्रम में अपना स्थान बना पाए। बीते वर्ष के परिणाम की तुलना में इस बार परिणाम 12वीं में 07.53% तथा 10वीं में 05.75 % कम रहा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का उदाहरण शुक्रवार को सामने आया। जब, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एमआर सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) के पद पर कार्यरत प्राचार्य विजय कुमार लहरे को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शिक्षा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन होने की बात सामने आई है। बता दें कि समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री साय ने जिले की बोर्ड परीक्षा में खराब परिणामों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी।

कार और बाइक में भिड़ंत, तीन की मौत, समय पर नहीं पहुंची एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

देवभोग क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है कार ने बाइक को टक्कर मारकर घायल लोगों को तड़पते हालात में छोड़कर भाग निकली समय पर एम्बुलेंस भी नहीं पहुंचा, जिसके चलते मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उरमाल गांव के पास हुआ है वहीं पुलिस घटना की जांच में जुटी है। बता दें कि इस मौत के बाद जिले में पिछले 17 माह में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। मृतक की पहचान पंचायत सचिव छबि नायक, मूंगिया निवासी पूर्व पंचायत प्रतिनिधि गणपति नायक और मुखागुड़ा के महेश कश्यप के रूप में की गई है। थाना प्रभारी फैजुल हुडा शाह ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी ने बताया कि नम्बर प्लेट के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है। बाइक सवार तीनों युवकों को एम्बुलेंस से देवभोग अस्पताल लाया गया, जहां तीनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक और कार की टक्कर दूर तक सुनाई दी। चालक के अलावा बाइक सवार तीनों 10 फीट उछलकर जा गिरे। घटना के बाद तीनों की सांसें चल रही थी। मौके पर से लोगों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। नजदीकीअस्पताल अमलीपदर पड़ता है पर यहां एंबुलेंस सेवा नहीं थी। लिहाजा 17 किमी दूरी से एंबुलेंस घटना के 40 मिनट बाद पहुंची। तब तक घायलों की सांसे उखड़ गई थी। तीनों को अस्पताल में लाने के बाद मृत घोषित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com